मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक118 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 13 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

डंपर चालक को जूतों की माला पहनायी, आरोपियों को पहुँचाया जेल

सिवनी यशोः- सिवनी जिले में एक डंपर चालक को कुछ शरारती तत्वों ने चप्पलों की माला पहनायी और उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया साथ ही इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया घटना की जानकारी होने पर सिवनी जिले के अरी थाना प्रभारी ने शरारती तत्व जो पेसे से ड्रायवर बताये जाते है पर अनेक धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

जानकारी के अनुसार इस प्रकार की हरकत हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे ड्राइवरों ने की है। पुलिस ने माला पहनाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी जिले के अरी थाना अंतर्गत अरी के बस स्टैंड पर हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे ड्राइवरों ने डंपर को रोक कर उसके चालक को जूते-चप्पल की माला पहनाई दी। प्रताड़ित डंपर के चालक ने घटना की रिपोर्ट अरी थाना में दर्ज करायी एवं यह भी बताया कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शरारती ड्रायवरों की हरकत से पीड़ित चालक की रिपोर्ट के आधार पर अरी पुलिस ने इस मामले पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि चारों ड्राइवरी का काम करने वाले हैं जिन्हें अरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले इब्राहिम खान (24), अब्दुल कहार खान (40), इदरीश खान (55), इकबाल खान (28) बस स्टैंड के पास बुधवार सुबह एकत्रित होकर हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे थे। हड़ताल की बात करते हुए कटंगी से सिवनी की ओर आ रहे डंपर को रोक लिया और डंपर चालक इनवाती को जूते-चप्पलों की माला पहना दी। वहीं उसे नीचे उतारकर मारपीट की तथा अपने इस कृत्य का वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जानकारी लगने पर पुलिस ने चारों आरोपी ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि ड्राइवर जैसे तैसे इन लोगों से निजात पाकर वहां से निकला और सीधा पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस के संज्ञान में यह मामला आते ही अरी पुलिस और थाना प्रभारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इन आरोपियों को धर दबोचा। 151 की कार्यवाही करते हुए एसडीएम के सामने पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया, इसमें से कुछ अपराधी किस्म के लोग हैं, जिनके ऊपर पहले से मामले दर्ज हैं। अरी पुलिस ने अप.क्र.09/2024, धारा 341,294,323,355, 506,34भा. द. वि.3(1)(d), 3(2)(va),3(1)(द),3(1)(ध)ST/Sc ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा है। घटना की जानकारी लगने पर आरोपियों के विरोध में सरकार से कड़ी कार्यवाही की मांग भी की जा रही है ।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला भाजपा की बैठक आज

सिवनी यशोः- अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को लेकर जिला भाजपा की एक बैठक शनिवार 13जनवरी को सायं 6:30बजे जिला भाजपा कार्यालय में रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव विषेश रूप से उपस्थित रहेंगे ।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर ने बताया कि बैठक में अपेक्षित रूप से जिला अध्यक्ष, जिलामहामंत्री, जिला पदाधिकारी, सभी प्रभारी गण, राम मंदिर दर्शन अभियान समिति के जिला संयोजक सहसंयोजक एवं मंडल प्रभारी, समस्त मंडल अध्यक्ष, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महिला एवं युवा मोर्चा तथा प्रबुद्ध श्रेणियो में से दो-दो सक्रिय कार्यकर्ता, मीडिया एवं सोशल मीडिया संयोजक सहसंयोजक व प्रभारी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक, सहसंयोजक, के साथ ही जिन मंडलों में रेलवे स्टेशन क्षेत्र है वहां के 10 सदस्य कार्यकर्ताओं की टोली इस बैठक में अपेक्षित है।

इसी संबंध में भाजपा नगर अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे एवं संजय सोनी द्वारा बताया गया कि सोमवार 14 जनवरी को नगर भाजपा द्वारा मठ मंदिर एवं माता दिवाला मंदिर में साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह 15 जनवरी मंगलवार को राम मंदिर एवं काली चौक मंदिर में साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष, महामंत्री सहित विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन सांसद डा. ढालसिहं बिसेन, सभी जनप्रतिनिधि गाणों के साथ ही भाजपा के नगर कार्यकर्ता शामिल होंगे।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा बताया गया कि शनिवार को आहुत बैठक हेतु जिला भाजपा द्वारा अपने मंडल अनुसार मंडल अध्यक्षों से अपेक्षित कार्यकर्ताओं को सूचित करने कि आग्रह किया गया है।

युवा नवमतदाता ही बनेगा भारत का भाग्य विधाता -युवराज

भाजयुमो ने युवा दिवस पर कराई भाषण प्रतियोगिता

सिवनी यशोः- भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में युवाओ से विकसित भारत एम्बेसडर



बनने का आग्रह किया जा रहा है उसी तारतम्य में नगर के विभिन्न संस्थाओं जैसे मीनाक्षी पैरामेडिकल, ज्ञानगंगा पैरामेडिकल, द्रोणाचार्य कोचिंग,ज्ञानधारा कोचिंग,डीएस क्लासेस, यूँ लड क्लासेस आदि में भाजयुमो सिवनी के जिलाध्यक्ष श्री युवराज राहंगडाले द्वारा युवाओं से संवाद किया गया और उनसे नमो एप डाउनलोड करवाया गया और विकसित भारत एम्बेसेडर बनाया गया साथ ही ये कहा गया कि माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प 2047 में आज के युवा की महती भूमिका है।

इसके पश्चात स्वामी विवेकानन्द जयंती अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसके तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा सिवनी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर भाषण प्रतियोगिता पीजी कॉलेज में रखी गई, जिसमें विभिन्न छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया सर्वप्रथम स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता का सम्पन्न हुई जिसमे प्रथम पुरुस्कार गरिमा सेंगर, द्वितीय पुरुस्कार अंशुल भारद्वाज,तृतीय पुरस्कार मीनाक्षी एवम सांत्वना पुरुस्कार आयुषी सेंगर को दिया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले,जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय, पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, जिला महामंत्री तुलेश डहरवाल,जिला उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर,जिला नमो एप प्रभारी नितेश ठाकुर,नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा ऋषभ चौरसिया, उत्तर मण्डल अध्यक्ष भुनेश कुल्हाड़े, नगर महामंत्री ऋतिक तिवारी, नगर उपाध्यक्ष तेजस तिवारी, नगर मंत्री श्रेयांश खरे एवं अन्य युवा मोर्चा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरस्वती विद्यालय विवेकानंद जयंती मनायी गयी, स्वामी जी युवाओं के प्रेरण स्रोत

सिवनी यशोः- सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोंगज सिवनी में राष्ट्रनिर्माता संत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सूर्य नमस्कार महायोग एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विद्याभारती ग्रामीण शिक्षा के प्रांत प्रमुख त्रियोगीनारायण मिश्र रहे। जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता योगाचार्य भगवानदास आंधवान ने की। इस अवसर पर प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव एवं विद्याभारती ग्राम भारती के जिला सहसचिव डॉ ओमकार गेडाम एवं श्रीमती सरिता आंधवान भी मंचासीन रही।

आयोजन का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ हुआ। अतिथि परिचय एवं स्वागत प्राचार्य ओमप्रकाश यादव एवं प्रमोद सोलंकी ने किया। विवेकानंद के ओजस्वी व्यक्तित्व का परिचय देते हुए मुख्य अतिथि त्रियोगीनारायण मिश्र ने उन्हें राष्ट्रनिर्माता एवं युवाओ का प्रेरणा स्त्रोत बताया। स्वामी विवेकानंद के जीवन के अनेक मार्मिक प्रसंगो का उल्लेख किया। इसके उपरांत योगाचार्य भगवान दास आंधवान द्वारा आसन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राऍ कराई गई। इस आयोजन में समस्त आचार्य परिवार, भैया-बहिन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सौ. कीर्ति ठाकुर दीदी द्वारा किया गया।

आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा में मनाई गई विवेकानंद जयंती

छपारा यशोः- नगर के आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सूर्य नमस्कार के साथ जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाबूलाल अग्रवाल समिति उपाध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में साथ ही सुनील दत्त पाठक समिति के व्यस्थापक ने कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थिती दी।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विवेकानंद जयंती के मौके पर सुबह नौ बजे विद्यालय के प्रांगण में विशेष अथितियों के सानिध्य में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया था जिसमे विद्यालय के सभी आचार्य परिवार और सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही,वही स्वामी विवेकानन्द को याद करते हुए उनके तेल चित्र में पुष्पहार चढ़ाए गए साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए आने वाली पीढ़ी को उनके समान आदर्श पुरुष बनने की बात कही। साथ ही सभी समिति सदस्य, आचार्य एवं बच्चों ने सूर्य नमस्कार का महत्व बताया और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय पर भाषण दिया अंत में प्रभारी प्राचार्य ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय में कराया गया योग

सिवनी यशोः- डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई । महाविद्यालय के प्राचार्य व डायरेक्टर

डॉ रामकुमार चतुर्वेदी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत आदर्श हैं विधार्थियों को जिनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर अपने को सफलता के सर्वोच्च शिखर पर ले जा सकते हैं।डाँ.रामकुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में विधार्थियों ने सूर्य नमस्कार व अन्य योगाभ्यास किये। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। इस आयोजन में विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव , प्राध्यापक गणों में डाँ.महेन्द्र नायक, श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा मैडम,दीपक पटले, देवी सिंह निर्मलकर एवं एल-एल.बी.व बी.ए.एल-एल.बी. प्रथम, तृतीय तथा एल-एल.बी.पंचम सेमेस्टर्स के विधार्थियों की उपस्थिति रही।

सिवनी विधायक पात्र हितग्राहियों को प्रदान किये प्रमाण पत्र

सिवनी यशोः- शुक्रवार 12 जनवरी को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये । विधायक श्री राय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिवनी नगर के रानी दुर्गावती वार्ड स्थित शासकीय स्वामी विवेकानन्द प्राथमिक शाला मे युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य आतिथि के रुप मे शामिल हुए। इसके पश्चात विधायक श्री राय ग्राम जाम मे स्थित तक्षशिला उच्च.माध्य. विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां पर आप को साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। यहाँ आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत विधायक श्री राय के करकमलों से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्री राय सिवनी नगर के मठ मंदिर, गोपालगंज के बाद पी.जी.कॉलेज में निर्धारित विकसित भारत संकल्प यात्रा शामिल हुये एवं इस यात्रा के उद्देश्य और सरकार की पवित्र मंशा से उन्होंने अपने विचार रखे तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्रों का वितरित किये ।

मासिक सैनिक सम्मेलन 14 जनवरी को

सिवनी यशोः- जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि रक्षा मंत्री भारत सरकार श्री राजनाथ सिंह के निर्देशानुसार रविवार 14 जनवरी 2024 को सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस मनाया जा रहा है साथ ही प्रातः 12 बजे कलेक्टर कार्यालय सिवनी सभा-कक्ष में पूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेंद्र कुमार दास ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से उक्त सम्मेलन में उपस्थित की अपील की है।

नागपुर-शहडोल रेल को अनूपपुर तक बढ़ाने की मांग

रेल विकास समिति ने नागपुर के मंडल प्रबंधक को पत्र लिखा

सिवनी यशोः- नागपुर-शहडोल ट्रेन को अनुपपुर तक बढ़ाये जाने की मांग को लेकर सिवनी रेल विकास समिति द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल प्रबंधक को पत्र लिखा है, जिसमें उक्त मांग सहित अन्य 3 मांगों का उल्लेख भी किया गया है।

सिवनी रेल विकास समिति के मीडिया प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि मंडल प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा गया है कि नागपुर से शहडोल वर्तमान में संचालित ट्रेन को अनुपपुर तक बढ़ाया जाये, जिससे यात्रीगण समीप स्थित मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक तक आसानी से पहुंचकर दर्शन कर सके। इस बिंदु में जल्द से जल्द विशेष ध्यान दिया जाये ताकि रेलवे का राजस्व भी बढ़े। इसके अलावा रेल विकास समिति के द्वारा पेंचवैली रेल को सिवनी से प्रारंभ करने, सेवाग्राम ऐक्सप्रेस जो नागपुर से मुंबई जाति है उसे सिवनी से प्रारंभ किया जाये एवं रायपुर के लिए छत्तीसगढ़ ऐक्सप्रेस, चित्रकूट ऐक्सप्रेस, दयोदय अजमेर ऐक्सप्रेस को सिवनी से प्रारंभ किया जाये।

मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा, कहा यह हत्या है, डाक्टर बीथी जैन को हटाया

सिवनी यशोः- प्रसव कराने के नाम पर चिकित्सों द्वारा परिजनों से वसूली की जाती है और प्रसव कराते समय लापरवाही की जाती है जिससे जच्चा और बच्चा को खतरा बना रहता है इसी प्रकार का मामला लखनादौन शासकीय अस्पताल में आया है जहाँ शासकीय चिकित्सक ने पति के साथ मिलकर एक महिला का प्रसव कराया और महिला की मौत हो गयी परिजनों का आरोप है कि महिला चिकित्सक का पति शासकीय सेवा में भी नहीं और उसके द्वारा यह आपरेशन करने से महिला की मौत हो हुई है । महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया । पीडितो का पूरा मामला जब जिला कलेक्टर के संज्ञान में आया तब जिला कलेक्टर ने महिला डोक्टर एवं उसके पति पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये । लखनादौन सिविल अस्पताल ने मृतिक के शव का परीक्षण पुलिस की उपस्थिती में अन्य चिकित्सक टीम से कराया और कहा है पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर जाँच के पश्चात कार्यवाही की जायेगी । फिलहाल डोक्टर बीथी जैन को लखनदौन सिविल अस्पताल से हटाकर बरघाट पहुँचा दिया गया है ।

जानकारी के अनुसार जिले के लखनादौन सिविल अस्पताल में बीते बुधवार को ग्राम जोबा की गर्भवती महिला विनीता राजपूत को प्रसव कराने के लिये परिजन पहुँचे थे जहां प्रसव के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया और उसकी हालत बिगड़ गई। लगभग 5 घंटे बाद उसकी की मौत गई। इसके बाद परिजनों ने महिला डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। परिजनों का कहना था कि विनीता राजपूत के प्रसव में डॉक्टर बीथी जैन ने लापरवाही बरती तथा प्रसव के लिये श्रीमती जैन ने अपने डोक्टर पति संजय जैन को बुलाया था जो सिविल अस्पताल में पदस्थ नहीं है और प्रसव के बाद लापरवाही बरती गयी जिसके कारण विनीता की हालत खराब हो गई और लगभग 5 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि डिलेवरी के बाद भी डॉक्टर वीथी जैन ने विनीता से मिलने नहीं दिया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश दी।

परिजनों ने रूपए मांगने का आरोप लगाया

घटना के बाद हंगामा कर रहे मृतका के स्वजनों ने डोक्टर बीथी जैन पर डिलेवरी के पहले रुपये मांगने के आरोप भी लगाए। साथ ही डोक्टर को रुपये देने की बात भी कही। स्वजनों का कहना था कि डोक्टर बीथी जैन ने डिलेवरी करने और उसके बाद उपचार करने में लापरवाही बरती है, जिसके कारण महिला विनीता की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद स्वजनों ने एसडीएम को शिकायत सौंपकर डोक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रसव के पांच घंटे बाद हो गई मौत

परिजनों का कहना है कि बुधवार को दोपहर 12.7 बजे महिला की डिलेवरी की गई। जिसमें महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। यहां लगातार महिला के शरीर से रक्त स्राव होने के कारण महिला की शाम करीब 5.30 बजे मौत हो गई। स्वजनों का कहना था कि लगातार रक्त स्राव होने के कारण महिला को अच्छे अस्पताल में उपचार कराने की बात डोक्टर से की गई लेकिन डोक्टर बीथी जैन ने महिला को कही भी नहीं ले जाने दिया। साथ ही लापरवाही बरती। इसके कारण महिला की मौत हो गई।

डॉ. बीथी जैन पर दर्जनों मामले

परिजनों का कहना है कि डॉक्टर बीथी जैन की लापरवाही से दो छोटे बच्चो के सिर से माँ का साया उठ गया । बताया जाता है कि सिविल अस्पताल की डोक्टर बीथी जैन के ऊपर दर्जनों मामलों में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। इसके पहले भी अनेक मामलों में विवाद की स्थिती निर्मित हुई है और डोक्टर वीथी जैन पर लापरवाही के आरोप लगते रहे है परंतु कोई नहीं हुई ।

जबरन नॉलेज


अब संविधान कौन याद दिलायेगा काका
हा हा हा ....

सर्वत्र राम : विश्वभर में लगभग 400 रामकथाएं प्रचलित हैं और 3000 से अधिक ग्रंथों में राम के नाम का उल्लेख

मानव देह में भगवान श्रीराम ने जिन शाश्वत जीवन मूल्यों की स्थापना की, वे सार्वभौमिक, सर्वकालिक एवं सार्वदेशिक हैं। इसलिए राम केवल भारत में ही नहीं अपितु दुनियाभर में आराध्य हैं। जीवन की अलग-अलग भूमिकाओं में मनुष्य का आचरण कैसा होना चाहिए, इसका आदर्श राम ने प्रस्तुत किया है।

प्रो. फादर कामिल बुल्के ने लिखा है- ÷मेरे एक मित्र ने जावा के किसी गाँव में एक मुस्लिम शिक्षक को रामायण पढ़ते देखकर पूछा था कि आप रामायण क्यों पढ़ते है? उत्तर मिला कि मैं और अच्छा मनुष्य बनने के लिए रामायण पढ़ता हूँ÷।

इस प्रसंग से ही स्पष्ट हो जाता है कि दुनिया में राम के नाम की महिमा क्यों है? क्यों दुनियाभर में उन्हें पढ़ा और पूजा जाता है। राम का जीवन मर्यादा सिखाता है। सहिष्णुता एवं सह-अस्तित्व का भाव जगाता है। राम का संदेश मनुष्य को देवत्व की ओर लेकर जाता है। संपूर्ण विश्व में रामराज्य की अवधारणा साकार हो, मूल्य आधारित समाज व्यवस्था निर्मित हो, इसलिए सब अपने यहाँ राम का चरित्र लेकर गए हैं।

भारत के स्वाभिमान श्रीराम के स्वरूप एवं संदेश का प्रसार श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार से लेकर लाओस तक की संस्कृति में स्पष्ट दिखायी पड़ता है। गैर-हिन्दू समुदाय भी उन्हें उतनी ही श्रद्धाभाव से पूजते हैं, जितना कि हिन्दू। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे अधिक मुस्लिम आबादी का देश है। लेकिन भारत की भाँति यहाँ भी कण-कण में राम व्याप्त हैं। दुनिया की सबसे बड़ी रामायण का मंचन इंडोनेशिया में किया जाता है। इंडोनेशिया के मुस्लिम भगवान राम को अपना नायक, आदर्श और प्रेरणास्रोत मानते हैं।

इंडोनेशिया के शहर 'योग्या' को राम की नगरी अयोध्या के रूप में मान्यता प्राप्त है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के नाम पर हुआ। इंडोनेशिया के जावा शहर की एक नदी का नाम सेरयू है। यहां की रामकथा 'ककनिन' या 'काकावीन रामायण' के नाम से सुप्रसिद्ध है, जिसके रचयिता कवि योगेश्वर हैं। यानी इंडोनेशिया के लिए महर्षि वाल्मीकि कवि 'योगेश्वर' हैं।

इंडोनेशिया की रामायण 26 अध्यायों का महाकाव्य है। इस्लामिक देश इंडोनेशिया की संस्कृति पर रामायण की गहरी छाप देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है। सबके मन में यही विचार आता है कि आखिर क्या कारण रहे होंगे कि इंडोनेशिया पर हिन्दू संस्कृति का इतनी अधिक प्रभाव दिखायी देता है।

थाईलैंड की संस्कृति के तार भी रामायण से जुड़े हुए दिखायी देते हैं। यहाँ के तो राजा भी 'राम' हैं। थाईलैंड के राजा को राम ही कहा जाता है। उनके नाम के साथ अनिवार्य रूप से राम लिखा जाता है। वर्तमान में थाईलैंड के राजा 'राम दशम' हैं। यहाँ के ऐतिहासिक शहर अयुत्थया को राम की राजधानी अयोध्या के तौर पर देखा जाता है। राज परिवार आज भी अयोध्या

(अयुत्थया) में ही रहता है।

वैसे तो थाईलैंड बौद्ध देश है। परंतु यहाँ के नागरिक जीवन में राम के प्रति गहरी आस्था है। वहीं, दक्षिणी थाईलैंड और मलयेशिया में राम के प्रति आस्था रखनेवाले नागरिक बंधु तो यहाँ तक मानते हैं कि रामायण में वर्णित पात्र मूलतः दक्षिण-पूर्व एशिया के निवासी थे और रामायण की सारी घटनाएँ इसी क्षेत्र में घटी थी। वे लोग मलाया के उत्तर-पश्चिम स्थित एक छोटे द्वीप को रावण की लंका मानते हैं।

थाईलैंड के राजाओं ने रामकथा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। जब तासकिन, थोनबुरी के सम्राट बने तब उन्होंने थाई भाषा में रामायण को छंदोबद्ध किया, जिसके चार खंडों में 2012 पद हैं। उनके बाद, सम्राट राम प्रथम (1782-09) ने अनेक कवियों के सहयोग से रामायण की रचना करवाई, जिसमें 50188 पद हैं। यह थाई भाषा की पूर्ण रामायण है। परंतु इतनी विशाल रामायण का मंचन नहीं किया जा सकता था, इसलिए राम द्वितीय (1809-24) ने एक संक्षिप्त रामायण की रचना की, जिसमें 14300 पद हैं।

इसी प्रकार, राम चतुर्थ ने भी स्वयं पद्य में रामायण की रचना की, जिसमें 1664 पद हैं। एक और तथ्य उल्लेखनीय है कि थाईलैंड के राजभवन परिसर स्थित वाटफ्रकायों (सरकत बुद्ध मंदिर) की भित्तियों पर संपूर्ण थाई रामायण 'रामकियेन' को चित्रित किया गया है।

किसी भी भारतवासी को यह जानकर सुखद अनुभूति होगी कि थाईलैंड का राष्ट्रीय ग्रंथ 'रामायण' है, जबकि वहाँ थेरावाद बौद्ध बहुमत में हैं। निस्संदेह, राम के कारण थाईलैंड बौद्ध और हिन्दू संस्कृति के समन्वय का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। थाईलैंड में रामायण को 'रामकियेन' कहते हैं, जिसका अर्थ है- राम कीर्ति। यह वाल्मीकि रामायण पर आधारित है। एक और आनंददायक तथ्य यह है कि बैंकॉक के सबसे बड़े और भव्य सभागार का नाम 'रामायण हॉल' है, जहाँ प्रतिदिन रामकियेन पर आधारित नृत्य नाटक एवं कठपुतलियों का प्रदर्शन किया जाता है।

वियतनाम के नागरिक भी अपने देश को राम की लीलाभूमि मानते हैं। इस मान्यता की पुष्टि सातवीं शताब्दी के एक शिलालेख से होती है, जिसमें आदिकवि वाल्मीकि के मंदिर का उल्लेख हुआ है।

लाओस के नागरिक तो स्वयं को भारतवंशी ही मानते हैं। उनका मानना है कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस के कई बौद्ध विहारों में रामकथा के चित्र उकेरे गये हैं। लाओस का उपमुंग बौद्ध विहार तो विशेष रूप से राम कथा से जुड़े चित्रों के लिए विख्यात है।

भारत के पड़ोसी देश म्यांमार (बर्मा) में भी राम नाम की महिमा व्याप्त है। यहां का पोपा पर्वत औषधियों के लिए विख्यात है। ऐसी मान्यता है कि जब लक्ष्मण को शक्ति लग गई थी तब उनके उपचार के लिए पोपा पर्वत के ही एक भाग को महावीर हनुमान उखाड़कर ले गये थे। म्यांमार के नागरिक उस पर्वत के मध्यवर्ती खाली स्थान को दिखाकर पर्यटकों को यह बताते हैं कि पर्वत के इस भाग को हनुमान उखाड़कर लंका ले गये थे।

कंबोडिया (कंपूचिया) के प्रसिद्ध मंदिरों की दीवारों पर भगवान राम की चरित्रगाथा का वर्णन करते चित्र देखे जा सकते हैं। यहाँ के विश्व विख्यात हिन्दू मंदिर 'अंकोरवाट' के गलियारे में तत्कालीन सम्राट के बल-वैमन का साथ स्वर्ग-नरक, समुद्र मंथन, देव-दानव युद्ध, महाभारत, हरिवंश तथा रामायण से संबद्ध अनेक शैलचित्र हैं। यहाँ के शिलाचित्रों में रूपायित राम कथा बहुत संक्षिप्त है। इन शिलाचित्रों की श्रृंखला रावण वध हेतु देवताओं द्वारा की गयी आराधना से आरंभ होती है। उसके बाद सीता स्वयंवर का दृश्य है। विराध एवं कबंध के वध का चित्रण है। स्वर्ण मृग के पीछे धनुष-बाण लेकर दौड़ते राम भी दिखाई पड़ते हैं। सुग्रीव से राम की मैत्री का दृश्य मंदिर की दीवारों पर चित्रित किया गया है।

चीन में भी राम के दर्शन हो जाते हैं। यहाँ बौद्ध जातकों के माध्यम से मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कथा पहुँची थी। वहाँ अनामक जातक और दशरथ कथानम का क्रमशः तीसरी और पाँचवीं शताब्दी में अनुवाद किया गया था। वहीं, तिब्बती रामायण की छह पांडुलिपियाँ भी तुन-हुआन नामक स्थल से प्राप्त हुई हैं। चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित मंगोलिया में राम कथा पर आधारित जीवक जातक नामक रचना है। इसके अतिरिक्त वहाँ तीन अन्य रचनाएँ भी हैं जिनमें रामचरित का विवरण मिलता है।

एशिया के पश्चिमोत्तर सीमा पर स्थित तुर्किस्तान भी राम के प्रभाव से दूर नहीं रह सका। तुर्किस्तान के पूर्वी भाग को खोतान कहा जाता है। यहाँ की स्थानीय भाषा 'खोतानी' में भी रामायण की प्रति पेरिस पांडुलिपि संग्रहालय से प्राप्त हुई है। इस पर तिब्बती रामायण का प्रभाव दिखायी देता है।

वहीं, जापान के एक लोकप्रिय कथा संग्रह होबुत्सुशु में संक्षिप्त रामकथा संकलित है। इसके अतिरिक्त वहाँ अंधमुनिपुत्रवध की कथा भी है। श्रीलंका में कुमार दास के द्वारा संस्कृत में जानकी हरण की रचना हुई थी। वहाँ सिंहली भाषा में भी एक रचना है, मलयराजकथाव।

नेपाल में रामकथा पर आधारित अनेकानेक रचनाएँ जिनमें भानुभक्तकृत रामायण सर्वाधिक लोकप्रिय है। इसी तरह, अयोध्या और कोरिया के रिश्ते लगभग 2000 वर्ष पुराने बताए जाते हैं। कोरिया में भी एक अयोध्या है जिसे अयुता कहा जाता है।

विश्व के विभिन्न देशों में प्रचलित रामकथाओं का अध्ययन करते है तो ध्यान में आता है कि समय की लंबी यात्रा में राम की चरित्र गाथा भारत से निकलकर न केवल विश्व के विभिन्न हिस्सों में पहुँची अपितु यह देशकाल के अनुरूप ढल भी गई।

थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, नेपाल, इरान, चीन, वियतनाम, फिलिपींस, तिब्बत, जापान, मंगोलिया, तुर्किस्तान की प्राचीन भाषाओं में रामकथा पर आधारित बहुत सारी साहित्यिक कृतियां हैं। अनेक देशों में तो शिलाचित्रों पर रामकथा के अवशेष दिखायी देते हैं।

आप यह जानकर अच्छा लगेगा कि विश्वभर में लगभग 400 रामकथाएं प्रचलित हैं और 3000 से अधिक ग्रंथों में राम के नाम का उल्लेख है। हम कह सकते हैं कि जहाँ-जहाँ राम पहुँचे, वहाँ-वहाँ रामभक्ति की नयी कहानियों ने जन्म ले लिया। हमारी श्रद्धा है कि राम जिसका हाथ एक बार थाम लेते हैं, उसको कभी छोड़ते नहीं। विश्वभर में रामकथा की व्याप्ति को देखकर इसी तर्ज पर कहा जा सकता है कि जो एक बार राम के समीप आता है, वह सदैव के लिए राममय हो जाता है। उपलब्ध शोध एवं साहित्य के आधार पर तो यह कहा ही सकता है कि राम केवल भारत के ही नहीं अपितु समूचे विश्व के नायक हैं। अखिल विश्व के प्रेरणास्रोत हैं हम सबके राम।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना सौभाग्य की बात

यह बड़ा सौभाग्य का योग है कि ऐसे भव्य प्रसंग पर प्रत्यक्ष उपस्थिति का अवसर मिला है. क्योंकि श्रीराम का मंदिर यह केवल एक पूजा की दृष्टि से अपने आराध्य का मंदिर, केवल ऐसा प्रसंग नहीं है. इस देश की पवित्रता, और इस देश की मर्यादा की स्थापना पक्की होने का यह प्रसंग है.

संपूर्ण देश में श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम माना जाता है. हम स्वतंत्र हुए तो स्वतंत्रता में जो 'स्व' है, वो हमारी मर्यादा है. उस 'स्व' के कारण हमारा जीवन पवित्र है, उस 'स्व' के कारण हमारी दुनिया भर में प्रतिष्ठा है. उसका एक प्रगटीकरण, संपूर्ण विश्व में यह घोषणा कि भारत अपने 'स्व' पर खड़ा हुआ है, और अपने मर्यादा संपन्न जीवन से पूरे विश्व में मांगल्य और शांति की स्थापना करने के लिए आगे बढ़ेगा.

इस प्रसंग पर सब लोग तो आ नहीं पाएंगे, कुछ को निमंत्रण मिला है वो आएंगे. परंतु, गांव-गांव में, घर-घर में इसका उत्साह है. उसका कारण है कि पहली बात, इतने वर्षों के बाद भारत के 'स्व' के प्रतीक का पुनर्निर्माण हमने किया. वो हमारे पुरुषार्थ के आधार पर किया. दूसरी बात है कि जो अपनी एक दिशा होनी चाहिए, उसको पकड़ने का प्रयास भी अनेक दशकों से हम लोग कर रहे थे, वो हमें मिल गई है और स्थापित हो गई है.

एक विश्वास सबके मन में स्थापित हुआ है, उसके कारण संपूर्ण देश का वातावरण मंगलमय बना है. और ऐसे में हम प्रत्यक्ष वहां उपस्थित रहेंगे, उस प्रसंग को देखेंगे, उसमें सहयोगी बनेंगे...यह कहीं किसी जन्म में पुण्य हुआ होगा उसी का फल हमको मिल रहा है. इसलिए मैं आपका कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद करता हूं. ये तो मांग के भी न मिलने वाला अवसर है, वो मिला है...जरूर उसमें रहूंगा.

गैस राहत अस्पतालों के और बेहतर संचालन के प्रयास किये जायें - मंत्री डॉ. शाह

मंत्री डॉ. शाह ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा की

भोपाल । जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. विजय शाह ने आज मंत्रालय में भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। डॉ. शाह ने विभाग के अधीन गैस राहत के सभी 6 अस्पतालों को और अधिक बेहतर संचालन के लिये व्यापक प्रयास किये जायें। इसके लिये अन्य शासकीय अस्पतालों से भी समन्वय कर उनकी विशेषज्ञ सेवाएँ ली जायें। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग श्री मो. सुलेमान, संचालक गैस राहत श्री राकेश श्रीवास्तव, सुश्री संजना जैन सहित अन्य सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा गैस प्रभावितों को मुख्यतः चिकित्सा सुविधा, सामाजिक संबल सहित अन्य जरूरी सुविधाएँ देने के प्रयास किये जाते हैं। इन प्रभावितों के आर्थिक स्वाबलंबन के प्रयास भी विभाग द्वारा किये जा रहे है। गैस प्रभावितों के आर्थिक स्वाबलंबन के लिये मंत्री डॉ. शाह ने निर्देश दिये कि गैस प्रभावित परिवारों के बच्चों को पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्सेस करायें जाए, इससे उन्हें रोजगार भी मिलेगा और वे स्वाबलंबी बन सकेंगे। बताया गया कि यूनियन कार्बाइड परिसर में रासायनिक कचरे के निष्पादन की कार्यवाही प्रगति पर है। कचरा निष्पादन के लिये भारत सरकार से विभाग को 126 करोड़ रूपये मिलने है। बैठक में यूनियन कार्बाइड परिसर से रासायनिक कचरे के निष्पादन के उपरांत स्वच्छ भूमि, कलेक्टर भोपाल एवं लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग को देने पर भी विचार किया गया। बताया गया कि विभाग के पास कुल 664 बिस्तरों की संख्या वाले 6 चिकित्सालय है। जिसमें गैस प्रभावितों का ही ईलाज किया जाता है। 9 डे-केयर यूनिट एवं 9 आयुष औषधालय भी है। अल्ट्रामार्डन उपकरण भी है, इनके जरिये कुल 164 प्रकार की पैथोलॉजी जांचे की जाती हैं।

लोक परिसम्पत्तियों के त्वरित प्रबंधन के लिये विधिक सलाहकार भी रखे जायें

मंत्री डॉ. शाह ने लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में मंत्री डॉ. शाह ने निर्देश दिये कि लोक परिसम्पत्तियों के त्वरित प्रबंधन के लिये विधिक सलाहकार नियुक्त किये जायें, जो किसी शासकीय सम्पत्ति के कानूनी पक्षों को बेहतर तरीके से रखें। इससे सम्पत्ति के प्रबंधन में प्रक्रियागत तेजी आयेगी। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव श्री अनिरूद्ध मुखर्जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव ने बताया कि पिछले तीन वर्षो में विभाग ने 67 परिसम्पत्तियों को प्रबंधन किया है। वित्त वर्ष 2023-24 में 398 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया है। अगले 100 दिनों में विभाग ने 102 करोड़ रूपये राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। जारी वित्त वर्ष में 129 करोड़ रूपये की परिसम्पत्तियों का निर्वर्तन प्रस्ताव प्रक्रिया में है। वित्त वर्ष 2024-25 की विभागीय कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। विभाग के अधीन कुल 655 परिसम्पत्तियां है इसमें 471 जिलों में मौजूद है और 184 विभिन्न विभागों की है। बैठक में जिला प्रोत्साहन योजना के तहत विभाग द्वारा की गई प्रमुख निर्वर्तन कार्यवाहियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के 500 सीटर छात्रावास बनेंगे

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने विभागीय कार्य-योजना में शामिल करने के दिये निर्देश

भोपाल । पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिये प्रमुख नगरों में छात्रावास बनाये जायेंगे। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज जिन नगरों में शुरू हुए हैं, वहाँ पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को 500 सीटर छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। छात्रावास निर्माण कराने के कार्य को विभाग की आगामी 5 वर्षों की कार्य-योजना में शामिल किया गया है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर गुरुवार को निवास कार्यालय में 100 दिवसीय और 5 वर्षीय विभागीय कार्य-योजना पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर रही थीं।

श्रीमती गौर ने कहा कि 100 दिवसीय कार्य-योजना में ऐसे कार्यो को शामिल किया जाये, जिन्हें अगले 100 दिन में पूरा किया जा सके। उन्होंने उज्जैन में निर्माणाधीन पिछड़ा वर्ग के 100 सीटर कन्या छात्रावास के निर्माण को अगले 100 दिन में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी कार्य-योजना के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें। केन्द्र सरकार से प्रस्ताव स्वीकृत कराने के लिये पहल की जायेगी। कार्य-योजना में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण के विभिन्न कार्यो को शामिल किया गया। बैठक में सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री स्वतंत्र कुमार सिंह और उप सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री नारायण नामदेव और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भोपाल युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

भोपाल। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों के स्कूलों में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का आयोजन किया गया। भोपाल में सुभाष विद्यालय शिवाजी नगर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। इसके साथ ही उनके साथ कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, मंत्री कृष्णा गौर भी उपस्थित हुई। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री राकेश सिंह ने सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सब भाग्यशाली है कि भारत दुनिया के युवा देशों में से एक हैं। आज से 100 साल पहले विवेकानंद जी ने घोषणा की थी कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी। हम अपनी आंखों से देख रहे है कि भारत अपनी साख दुनिया में बना रहा है। आज हम चंद्रयान से अपनी साख दुनिया में बना रहे है, रक्षा ,खेल, मैदान हो या आर्थिक क्षेत्र हो, हम सभी जगह अपनी पहचान बना रहे है।

साथ ही हर क्षेत्र में हमारे देश का मान सम्मान बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन हम सभी को प्रेरणा देने वाला है। वह अपन व्यक्तित्व और एक-एक कदम से हम सभी को रोमांचित और आनंदित करते हैं। पीएम मोदी ऐसी शख्सियत है जो देश को इन ऊंचाइयों तक ले जा रहे है। कठिन काल में भी स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन को ऐसे बनाया जो दूसरों के लिए प्रेरणादायक बना।

सीएम ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज इस खास मौके पर हमने दो लक्ष्यों की प्राप्ति की है। आज हम योग दिवस के माध्यम से योग कर रहे है। वही स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस मना रहे है।हम स्वामी विवेकानंद आदर्शों पर चलते हुए न सिर्फ प्रदेश बल्कि देश के विकास में भागीदार बने। हम कामना करते है कि आदर्शों पर चलते हुए हम मध्यप्रदेश देश में नम्बर बने।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी में एमबीबीएस की समीक्षा की

भोपाल । उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी में एमबीबीएस का संचालन मध्यप्रदेश के छात्रों के लिये महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप छात्रों को उनकी ही भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य है। मेडिकल पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने वाली 16 भाषाओं में अब हिन्दी भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आज मंत्रालय में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा की।

जनवरी अंत तक हिन्दी लिप्यंतरण द्वितीय एवं तृतीय चरण का कार्य हो जाएगा पूर्ण

बैठक में बताया गया कि अब तक प्रथम वर्ष के तीनों विषयों की पाठ्यपुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध करा दी गयी हैं। द्वितीय एवं तृतीय चरण में आगामी वर्षो की पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी लिप्यंतरण कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि हिन्दी लिप्यंतरण कार्य के द्वितीय एवं तृतीय चरण में 12 विषयों की 13 पुस्तकों में से 9 पुस्तकें हिन्दी भाषा में उपलब्ध हो गयी हैं। शेष 4 पुस्तकें भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जायेंगी।

हिन्दी भाषा से एमबीबीएस पहल, छात्रों के लिए लाभप्रद सिद्ध हो रही है

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का लाभ ले रहे छात्रों के फीडबैक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लगभग 10 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लाभ ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगामी सत्र से अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। हर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी प्रकोष्ठ 'मंदार' का गठन किया गया है।

चिकित्सकों को समय से इनसेंटिव और दवाओं की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करें

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल आदि में चिकित्सकों को इनसेंटिव और अन्य हितलाभ समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। दवाओं एवं अन्य कंज्यूमेबल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुनियोजित योजना बनाये। इन कार्यों के लिए बजट उपलब्धता प्राथमिकता से कराई जाए।

हमीदिया में कैथ लैब संचालन की व्यवस्था करें

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हमीदिया में कैथ लैब संचालन की समस्या पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिये कि शीघ्र संचालन की व्यवस्था करें। बैठक में अवगत कराया गया कि नई बिल्डिंग में कैथ लैब संचालन के लिए स्थान दिया गया है। जब तक नया ओपीडी ब्लॉक नहीं बनता तब तक कैथ लैब यहीं संचालित की जायेगी। जल्द ही लैब की शिफ्टिंग भी की जायेगी।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्रोफेसर श्वसन चिकित्सा विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. लोकेंद्र दवे, अधीक्षक हमीदिया एवं विषय नोडल हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. आशीष गोहिया सहित एसोसिएट प्रोफेसर ईएनटी विभाग और विषय नोडल हिंदी प्रकोष्ठ डॉ. यशवीर जेके, उप कुलसचिव एवं राज्य समन्वयक हिन्दी प्रकोष्ठ श्रीमती अमृता बाजपेयी तथा सलाहकार हिन्दी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा श्रीमती रागिता अग्निहोत्री उपस्थित थे।

छिंदवाड़ा से अयोध्या भेजे जाएंगे 4.31 करोड़ बार 'भगवान राम' लिखे कागज

भोपाल। अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के लिए सभी अपने-अपने तरीके से मदद कर रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस सांसद नकुल नाथ ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक का जश्न मनाने के लिए, 22 जनवरी को मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से दो बसों में सामूहिक रूप से 4.31 करोड़ बार 'राम' लिखे कागज उत्तर प्रदेश के शहर भेजे जाएंगे।

कोरे कागजों पर भगवान राम का नाम लिखने की यह पहल सिमरिया धाम में चल रहे %श्री राम महोत्सव% का हिस्सा है और इसका आयोजन मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा किया जाता है जो हनुमान मंदिर का प्रबंधन देखती है।

कांग्रेस नेता कमल नाथ ने भी 108 बार लिखा भगवान राम का नाम

बुधवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ ने अपने बेटे नकुल नाथ के साथ सिमरिया के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कागजों पर 108 बार भगवान राम का नाम लिखा।

प्रत्येक व्यक्ति 108 बार लिखेगा भगवान राम का नाम

छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नकुल नाथ ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, ÷यह छिंदवाड़ा के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। हम लोगों के बीच कागजात वितरित करेंगे, जिस पर प्रत्येक व्यक्ति 108 बार भगवान राम का नाम लिखेगा। सामूहिक रूप से 4.31 करोड़ बार लिखे गए नाम वाले कागजात एकत्र किए जाएंगे और फिर उन्हें 22 जनवरी को दो बसों में अयोध्या भेजा जाएगा।''

धर्म एक ''व्यक्तिगत मामला''

बता दें कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को ÷सम्मानपूर्वक अस्वीकार÷ कर दिया। पार्टी ने भाजपा पर चुनावी लाभ के लिए इसे ÷राजनीतिक परियोजना÷ बनाने का आरोप लगाया और कहा कि धर्म एक ÷व्यक्तिगत मामला÷ है।

कबर पंथी सतनामी चमार समाज ने रामभद्राचार्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया

सिवनी यशोः- कथावाचक स्वामी रामभद्राचार्य के द्वारा बार-बार अपने कथा वाचन के दौरान चमार जाति को नीच बताकर चमार समाज के लोगों को सीधे-सीधे तौर पर गाली दिया जाता है जिसकी गवाह उनके कथा प्रांगण में उपस्थित लाखों लोगों की भीड़ व सोशाल मिडिया चैनलों में लाइव कई लोग देखते हैं। जिससे चमार समाज के मान सम्मान का हनन हुआ अतः 11 जनवरी 2024 को कबीरपंथी सतनामी समाज चमार समाज सिवनी के द्वारा स्वामी रामभद्राचार्य के खिलाफ थाने पहुंचकर FIR दर्ज की गई एवं मांग की गई की स्वामी रामभद्राचार्य को गिरफ्तार किया जाए उन पर एस सी/एस टी ऐक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जाए साथ ही रामभद्राचार्य समस्त चमार समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। ऐसा न करने पर कबीरपंथी सतनामी चमार समाज के द्वारा उग्र विरोध भी किए जाने की बात कही गई ।

चमार समाज के द्वारा यह भी कहा गया है कि भारत युगों युगों से संतों की भूमी रही है और हमारा समाज भी संतों का सम्मान करता है किन्तु समाज आपको सम्मान दे उसके बदले यदि समाज को अपमान, गाली और तिरस्कार मिले तो संपूर्ण समाज मिलकर विरोध करने और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए आवाज उठाने से पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण चौधरी समाज उत्थान समिति के गुरदास चौधरी, तेजलाल दर्शानिया अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद चौधरी, रामकिशोर सत्यार्थी, अधिवक्ता अरविंद चौधरी , राहुल चौधरी, विकास रैदास ,रामगोपाल चौधरी सहित कई लोग उपस्थित हुऐ .

विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकारी धन का दुरूपयोग - कांग्रेस

सिवनी यशोः- भाजपा की विकसित संकल्प यात्रा सरकारी राशि का खुला दुरूपयोग है प्रत्येक नगरपालिका एवं पंचायतो में लाखो रूपय के खर्चो से पंडाल, एलसीडी, फलेक्स लगाकर लोगो से झूठ बोलकर उक्त कार्यक्रम में भीड़ एकत्रित करने का काम शासकीय कर्मचारियों को लगाया जाता है। इस तरह के झूठे प्रचार प्रसार करने से भारत विकसित नही होगा, वास्तविकता यह है कि जिन सरकारी योजनाओं का ढ़ीढोरा पीटा जा रहा है उन योजनाओं के पोर्टल महीनो से बंद पड़े है जिस कारण से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है हितग्राही कार्यालय के चक्कर लगा-लगाकर परेशाान है। लगता है सरकार द्वारा जानबूझकर इन पोर्टलों को बंद किया गया है क्योंकि शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश को कर्जदार एवं कंगाल प्रदेश बना दिया है। कई विकास कार्य, निर्माण कार्य ढप्प पड़े है विभिन्न योजनाओं के लिए राशि आना बंद हो गई है। लाड़ली बहना के नाम पर मेला लगाने वाली भाजपा लाड़ली बहना के साथ भी सौतेला व्यवहार कर रही है। चुनाव के पूर्व भाजपा के आंकडो के अनुसार मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 31 लाख लाड़ली बहनो के खाते में राशि डाली गई थी, 2 महीने में ही यह संख्या 1 करोड़ 29 लाख हो गई, 2 लाख लाड़ली बहना के नाम किस आधार पर काटे गये है जिसका जवाब भाजपा के पास नही है।

झूठ बोलकर भारत विकसित नही होगा, भारत विकसित होगा देश के हर युवा को रोजगार देने पर, बेहतर शिक्षा देने पर, स्वास्थ्य के सांधन उपलब्ध कराने पर, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेलों के दाम निम्न स्तर पर है उसके बाद भी देश में भाजपा सरकार द्वारा दामो में कमी नही की जा रही है। पेट्रोल, डीजल के दाम कम करने पर, भाजपा के चुनाव घोषणा के अनुसार किसानों की धान 3100 रू. प्रति क्विंटल, गेहूँ 2700 रू. प्रति क्विंटल की दर से क्रय किये जाने पर, रसोई गैस के दाम 450 रू. दिये जाने पर, डालर के मुकाबले रूपय के मूल्य बढ़ने पर लेकिन इन सब बातो से जनता का ध्यान हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी शासकीय खर्चे पर नौटंकी कर विकसित भारत संकल्प यात्रा जैसे आयोजन कर रही है। ऐसे आयोजनों से सरकारी पैसे का दुरूपयोग तो हो ही रहा है साथ ही जरूरत मंद लोगो को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है।

घोषित समर्थन मूल्य पर की जाये धान खरीदी

जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में किसानों को धान खरीदी समर्थन मूल्य 3100 रु. प्रति क्विटल घोषित किया गया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरंटी भी थी कि किसानों की धान 3100 प्र. कि समर्थन मूल्य में खरीदी की जावेगी। किन्तु वर्तमान में प्रदेश में किसानों की धान लगभग 2185 रु. में खरीदी जा रही है । जो किसानों का शोषण हो रहा है। इस पर शीघ्र कार्यवाही कर घोषणा अनुसार किसानों की धान 3100 रु. में खरीदी जावे ।

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव हुकुमचंद सनोडिया किसान नेता ने बताया कि मप्र विधान सभा 2023 में भाजपा सरकार द्वार किसानो धान खरीदी का समर्थन मूल्य 3100 रू घोषित किया था एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधान मंत्री की गॉरंटी भी थी कि किसानों को उन्नत बनाने के लिए विधान सभा 2023 में प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्राम के किसानों की धान, भाजपा की सरकार बनने पर 3100 रू. प्रति क्विंटल खरीद की जावेगी। परन्तु प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्राम के किसानों की 2185 रू. लगभग भुगतान हो रहा है जो किसानों का शोषण हो रहा है, किसान परेशान है। जिससे आने वाले 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा सरकार को इसका खामियाजा भुगताना होगा। सरकार की घोषणा अनुसार प्रदेश के किसानों की धान 3100 रु. प्रति क्वि. समर्थन मूल्य पर खरीदी की जावे तथा वर्तमान में जो 2185 रु. में की गई खरीदी धान का अन्तर की राशि का भुगतान किसानों को दिया जाये।

जिसको लेकर मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव हुकुमचंद्र सनोडिया ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

विकसित भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता संपन्न

सिवनी यशोः- नेहरू युवा केंद्र।सिवनी युवा कार्यक्रम खेल विभाग भारत सरकार के अंतर्गत पी एम श्री कन्या हायर सेकेंडरी माध्यमिक विद्यालय मठ मंदिर सिवनी में दिनांक 10 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता विकसित भारत2047 विषय पर युवाओं,महिला सहभागियों नेभाग लिया जिसमे कु अल्फिया मोहम्मद इकबाल बोरदई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कमेटी के द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के युवाओं का चयन भी किया गया है इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसीपल कपिल शर्मा एवं स्टॉफ के अन्य कमेटी शिक्षक वीरेंद्र राजपूत राजा बाबू राय भुवनलाल पगारे आदि एवं नेहरू युवा केंद्र के स्टॉफ से विभा उइके रोहित सोनी आर के मिश्रा लेखापाल एवं प्रोग्राम सहायक आदि उपस्थित रहे

अच्छा समय की प्रतीक्षा नही करे अच्छा समय स्वयं बनाये- मरावी

व्यक्तित्व विकास पर रखे विचार

सिवनी यशोः- कुछ लोग अच्छा समय आने की प्रतीक्षा करते है तो कुछ लोग हर समय को अच्छा समय बना लेते है आप किस श्रेणी में है, विचार करें, अपने साथ कुछ घटित होने की प्रतीक्षा न करें। आप संसार के लिए करे देखे कि आप किस तरह से विश्व के लिए योगदान दे सकते है, आपको यह सोचने की आवश्यकता है कि हम पर्यावरण की सहायता कैसे कर सकते है, हम जीवन शैली कैसे बदल सकते है हम इस संसार को आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर स्थान कैसे बना सकते है। उक्त उद्गार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोपालगंज में व्यक्तित्व विकास को लेकर अपनी बात रखते हुए प्राचार्य एचके मरावी ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी ने विधि को लेकर बताया कि नव वर्ष का उत्सव वास्तव में समय का सम्मान करना मन का सम्मान करना है मन का सम्मान करने का अर्थ है स्वर्ग का सम्मान करना। यदि जब आप दोषी चेतना से बाहर निकलते है तो शांति आती है, आपके अंदर आध्यात्मिक चेतना के प्रकाश का उदय होता है।

इस अवसर प्राचार्य श्री मरावी ने बताया कि शाला में 1143 बच्चे अध्ययनरत है तथा 32 शिक्षको का स्टाफ है तथा परिणामों में भी लगातार इस शाला ने जिले का नाम रोशन किया है यहां पर शीघ्र ही सीएम राइज स्कूल भी खुलने की संभावना है शासन ने यहां पर स्वीकृति भी प्रदान की है।

निदानात्मक क्लास से आयेगा परिणामों मे सुधार

8 घंटे पढ़ाईसे सुधार सकते है परिणाम

लोक शिक्षण संचानालय जबलपुर से आये अस्सिटेड डायरेक्टर श्री ठाकुर एवं पीयूष तिवारी ने नेता जी सुभाष चंद बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अच्छे परिणाम को लेकर कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों को कहा कि हमें अच्छे परिणामों के लिए 14 घंटे नहीं बल्कि आठ और कम से कम 6 घंटे अध्ययन करे निश्चित ही आप अच्छे परिणाम ला सकते है इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका अकीला खान ने बताया कि इस शाला में हमने बच्चों को हर क्षेत्र में अवसर प्रदान किये है। जिससे इनका स्र्वागीण विकास हो सकें। बच्चो मे अध्ययन और परिणामों में गुणवत्ता को लेकर विषय विशेषज्ञों के अतिरिक्त भी मार्ग दर्शन दिया जाता है इस अवसर पर प्राचार्य प्रेमनारायण वारेश्वा ने कहा कि शाला में ऐक्स्ट्रा क्लास और निदानात्मक कक्षाओं के माध्यम से कोर्स में संबंधित विषय की समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शासन के आदेशों का पालन किया जा रहा है, हाल ही में विद्यार्थियों ने अर्धवार्षिक परीक्षा मे अच्छे परिणाम दिए है।

कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई लालबहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि

सिवनी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन में स्व. शास्त्री जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण जेपीएस तिवारी व दीप प्रज्जवलित सतीश सैयाम द्वारा किया गया, तत्पचात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पअर्पीत कर श्रद्धांजलि दी तथा शास्त्री जी का राष्ट्र को समर्पित उनके योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष इमरान पटेल, विष्णु करोसिया, रामकुमार कुल्हाडे मासाब, डालचंद बर्वे, राजिक अकील, मोहनसिंह ठाकुर, गेंदलाल भलावी, श्रीमति सीता निखारे, राजेश मानाठाकुर, टिकेन्द्र देशमुख, नितिन डहेरिया, सुशील सोनकेशरिया, सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

पांच दिवसीय श्रीमद भगवत वर्धमान कथा समापन

माता जी श्री श्री105 सूत्रमति जी के सानिध्य में नगर भ्रमण कर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

छपारा यशोः- नगर के जैन वार्ड स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में विगत 7 जनवरी से 11 जनवरी तक श्रीमद भगवत वर्धमान कथा का आयोजन हुआ जिसका समापन गुरुवार को किया गया। ज्ञात हो कि अंतिम दिवस पर नगर भ्रमण कर भव्य शोभायात्रा निकल गई, जिसमे अल्प समय के लिए प्रवास पर पहुंची श्री 105 सूत्रमति माता जी के सानिध्य में यह पांच दिवसीय श्रीमद भगवत वर्धमान कथा का आयोजन हुआ।

जैन समाज के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि गत सात जनवरी से जैन समाज द्वारा नगर के जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से वंदनीय आर्यिका सूत्र मति माता जी के पावन सानिध्य में विधानाचार्य शुभम भैया जबलपुर के निर्देशन में आयोजित श्रीमद भगवत वधर्मान कथा की गई जिसके समापन समारोह पर विशाल शोभायात्रा जैन मंदिर से दोपहर दो बजे प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर पश्चात जैन मंदिर में समापन हुआ, समाज की धर्म प्रभावना शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो पर निकाली गई जिसका नगर में जगह जगह स्वागत किया गया शोभायात्रा में जैन समाज के बच्चों युवाओं महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए एक विशेष पहनावा के साथ शामिल हुए थे जिसने शोभायात्रा को और भी आकर्षक बना दिया धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा में दो रथों पर अतिशय भगवान श्रीजी का मंदिर विराजित कर साथ-साथ श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की भी सजीव झांकी निकाली गई थी।

खेलो गुरुकुल - वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

बरघाट यशोः- गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट, ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के तत्वाधान में संचालित शैक्षणिक संस्थान है। लगातार 9 जनवरी से राजीव गांधी स्टेडियम बरघाट में आयोजित वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का समापन आज 11 जनवरी को हुआ। इस भव्य आयोजन में विद्यालय के 500 से अधिक बच्चों ने अलग अलग खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। बच्चों ने व्यक्तिगत एवं टीम के रूप में अनेक विधाओं में महारत हासिल की। गुरुकुल पब्लिक स्कूल के 500 से अधिक बच्चों को संस्था द्वारा मैडल, शील्ड, सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मंच से विद्यालय एवं समाज के जरूरतमंद बच्चों की

सहायता करने वाले गुरुकुल के पालकों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरकचंद टेंभरे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बरघाट के आधार स्तंभ आदर्श शिक्षक एवं पंवार समाज अध्यक्ष, आनंदी प्रसाद पटले कोसमी आर एस एस वरिष्ठ समाजसेवी, ओम ठाकुर कृषि वैज्ञानिक जबलपुर, थानसिंह टेंभरे, किरण जितेंद्र टेंभरे महिला मोर्चा अध्यक्ष पूर्व पार्षद बरघाट, अभिषेक गोलू मालवी नगर परिषद बरघाट, हरिप्रसाद चौधरी, विनीत जायसवाल, अंशुल पंवार युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जिला सिवनी, पप्पू राय, राजेश यादव, अशफाक अंसारी, अनिल ठाकुर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, राजबहादुर सिंह ठाकुर, ध्यानसिंह बोपचे सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

संस्था प्रबंध निदेशक श्री नरेश सिंह राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश जिसे भारत का दिल कहा जाता है न केवल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्वादिष्ट व्यंजनों और मनमोहक परिदृश्यों के लिए जाना जाता है बल्कि यह खेल गतिविधियों के विकास और बेहतरीन अधो-संरचना के एक बड़े केन्द्र के रूप में भी उभर रहा है। पिछले कुछ वर्षो में खिलाड़ियों के जूनून और समर्पण ने मध्यप्रदेश में खेलों के विकास को गति दी है। उसी कड़ी में गुरुकुल पब्लिक स्कूल अपने अथक प्रयासों से खेल प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से बच्चों, पालकों एवं नगर को नई दिशा देने के प्रयास में कार्यरत है। प्राचार्या ज्योति सिंह राजपूत ने अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल अपने शैक्षणिक योग्यता के क्षेत्र में हमेशा से अग्रणी रहा है, अब वर्तमान में गुरुकुल खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के रूप में उभर रहा है।

संस्था संरक्षक कुंवर सिंह राजपूत जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष ने बच्चों एवं शिक्षकों का हौसला बनाते हुए कहा गुरुकुल का टीम वर्क बच्चों के अंदर छुपी खेल प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय समिति से फाउंडर मेंबर विष्णु प्रसाद साहू, अनिरुद्ध तिवारी उपस्थित रहे। गुरुकुल पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव में स्पोर्ट ऑफिसर्स आशीष दीक्षित, निशाद खान, सुनील पटले, सुनील ठाकुर, अमित चोकसे सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला अधिवक्ता संघ सिवनी ने आम जनता व अन्य सामाजिक संघटनो के लोगो से जनसमर्थन की है मांग

सिवनी यशोः- जिला अधिवक्ता संघ सिवनी न्यायालय स्थानांतरण के सम्बंध में आप सभी सिवनी नगर वासियों , विभिन्न सामाजिक संस्थाये, विभिन्न राजनैतिक दलों से एवं आम जन मानस से निवेदन करती है कि श्रीमान तहसीलदार महोदय सिवनी के न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरण क्रमांक - 0042/अ-20(अ) / 2023-24 ग्राम सिवनी रैयत के प्रकाशित इश्तहार *नवीन न्यायालय भवन निर्माण शासकीय भूमि बीज निगम नागपुर रोड स्थित* के सम्बंध में अपना जन समर्थन एवं आपत्ति श्रीमान तहसीलदार सिवनी के न्यायालय में दिनांक 08/01/2024 को दोपहर 02 बजे उपस्थित होकर अपनी अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे ।

उक्त इश्तहार में श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय सिवनी व्दारा नवीन न्यायालय भवन निर्माण हेतु सिवनी रैयत राजस्व निरीक्षक मण्डल भाग 2 तहसील एवं जिला सिवनी मध्यप्रदेश स्थित भूमि खसरा नम्बर 108/1, 109/1/2, 111/1, 112/1/2 रकबा भूमि 3.00 हेक्टेयर शासकीय भूमि (बीज निगम नागपुर रोड़) की मांग की गई है । मांग की गई भूमि आम जनता हेतु सुविधा जनक नही है क्योंकि वर्तमान सिविल न्यायालय भवन से लगे हुए कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर न्यायालय भवन, राजस्व न्यायालय भवन , अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय सिवनी, श्रीमान पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी, पंजीयक कार्यालय सिवनी एवं अन्य विभागीय कार्यालय स्थित है एवं मांग की गई भूमि पर नवीन सिविल न्यायालय भवन बनाये जाने पर आम जनता को वहां अपने कार्यो को करवाने एवं पेशी तारीखों में पहुँचने के लिए अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा । न्यायालय वर्तमान स्थान से अन्य जगह स्थानांतरित किया जा रहा है । जिसमें न्यायालय आने जाने वाले आम जनता को अतिरिक्त समय व आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेगा । जिला अधिवक्ता संघ सिवनी आप सभी जनमानस, पक्षकरो से निवेदन करता है कि यह लड़ाई केवल अधिवक्ता की नही है यह लड़ाई आम जनता के हितों की है जिसमे आप सभी को आगे आकर इस अपनी आपत्ति दर्ज करवानी होगी

इस समस्या से बचने हेतु आप सभी वृहत जन समर्थन के साथ अपनी-अपनी आपत्ति दर्ज करवाने दिनांक 25/01/ 2024 को न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय सिवनी में पहुँचे ।

पुलिस के सराहनीय कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद--भाकपा

सिवनी यशोः- इन दोनों जिला मुख्यालय सिवनी में पुलिस का छात्र-छात्राओं को जागृत करने का सराहनीय कार्य चल रहा है इसकी जितनी हो सके सराहना की जानी चाहिए प्रदेश में इन दिनों महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़खानी अपहरण और बलात्कार के प्रकरण सामने आ रहे हैं अभी-अभी सत्ताधारी दल के लोगों द्वारा छात्राओं के साथ तीन लोगों ने अपहरण करने के बाद बलात्कार किया गया था उन पर तीन महीने के बाद कार्रवाई की गई क्योंकि वह रसूखदार लोग थे जिनकी फोटो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है ऐसे में घमंड पूर्वक सोच रहे थे कि उन पर कौन कार्रवाई करेगा यह हाल देश के कमोबेश हर जगह होता है।

अतः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित राजेंद्र जायसवाल डॉक्टर डॉक्टर बीसी ओके ओमप्रकाश बोर्ड तीरथ प्रसाद गजभिए धनीराम बंडेवार किरण प्रकाश शकुन चौधरी माया गढ़वाल अंगद सिंह बघेल राहुल कुमार यीशु प्रकाश संजू डेहरिया आर सनोदिया आदि ने मुख्यालय सिवनी में छात्र-छात्राओं के बीच में जाकर अपराधों के संबंध में जो जानकारी दी जा रही है वह बहुत सराहनीय है इस अभियान से महिला संबंधी अपराध ,छेड़छाड़, अपहरण, गुड टच और बेड टच संबंधी प्रकरण कम होंगे इसके लिए पुलिस अधीक्षक थाना स्टाफ महिला थाना स्टाफ और सभी पुलिसकर्मी बधाई के पात्र हैं ऐसा अभियान चलते रहना चाहिए और विभिन्न स्कूलों में जाकर यह जानकारी दी जानी चाहिए ।

उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग,आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल एवं मान.जिला कलेक्टर सिवनी के निर्देषानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के प्रार्थना स्थल पर जिला स्तरीय सामुहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन दिनांक 12 जनवरी 2024 शुक्रवार को युवाओं के प्रेरक एवं युवा सोच के मार्गदर्षक राष्ट्रसंत स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस '' राष्ट्रीय युवा दिवस '' के रूप में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों की उपस्थिति रहीं

कार्यक्रम के प्रारंभ में मान.मुख्यअतिथि श्री दिनेष राय विधायक सिवनी, श्री आालोक दुबे, जिला भाजपा अध्यक्ष सिवनी, श्री राजेष त्रिवेदी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, श्रीमती रामकुमारी बरमैया पाषर्द महामाया वार्ड सिवनी मान.श्री क्षीतिज सिंघल जिला कलेक्टर महोदय सिवनी,मान.श्रीमती मेद्या शर्मा अनुविभागीय अधिकारी सिवनी,श्री मान.श्री जी.डी.शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी,मान.तहसीलदार सिवनी,श्री एस.एस.कुमरे जिला षिक्षा अधिकारी सिवनी, श्री महेष बघेल,डी.पी.सी.सिवनी,श्रीमती मनु ध्रुर्वे जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सिवनी,श्री आर.आर.पाटिल जी,बीईओ केवलारी,श्रीमती जस्सी थामस जिला खेलअधिकारी सिवनी,श्री अरूण राय बी.आर.सी.सिवनी, श्री मनीष अग्रवालजी,श्री डॉ.डहरवाल,एवं संस्था प्रमुख श्रीएस.सी.सिंह द्वारा मॉ सरस्वती

जी प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पष्चात उक्त सभी मान.अतिथियों ने विद्यालय कर्मचारियो के साथ-साथ कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं तक अध्ययनरत लगभग 625 छात्र/छात्राओं के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भोपाल एफएम केन्द्र एवं विविध भारती के चैनल द्वारा प्रसारित पल प्रतिपल सूर्यनमस्कार कार्यक्रम में एक साथ सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम किया।

उल्लेखनिय है कि सामुहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम के पूर्व वांदेमात्रम गान,मध्यप्रदेश गान सामूहिक रूप से किया गया, प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के द्वारा सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम के लाभ विस्तार से बताए गए, तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी का काशको में दिया गया भाषण का हिन्दी अनुवाद प्रसारित हुआ।

कार्यक्रम में एन.सी.सी. दल की भी सहभागिता

24 वी मध्यप्रदेष एन.सी.सी. बटालियन छिंदवाडा के निर्देषानुसार जिला स्तरीय सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के बालक 44 एवं बालिका 30 कुल एन.सी.सी. कैटेस् 74 ने एन.सी.सी.आफिसर श्री अनिल सिंह राजपूत के साथ सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम में बढ-चढकर हिस्सा लिया।

भोपाल के प्रासारण द्वारा आज प्रातः 9:30 बजे से 10:45 बजे तक सूर्य नमस्कार 12 स्थितियों की 03 चक्रों के साथ , अनुलोम-विलोम भस्त्रिका,एवं भ्रामरी प्राणायाम किया गया, प्राणायाम एवं सूर्यनमस्कार से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास,यह रीढ को लचीला बनाता है, रक्त संचार में तेजी, तथा बच्चों की आयु, प्रज्ञा बुद्वि का विकास करने वाला एक व्यायाम है।बच्चे यदि इसे प्रतिदिन तन से, मन से, एवं वाणी से करे

प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम के तहत 28 हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

मंडला यशोः- प्रबंधक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु जिले के लिए 28 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, प्लम्बर, दोना पत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मरम्मत, ट्रैक्टर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, ढाबा रेस्टोरेन्ट, राईस मिल, फोटो कॉपी, कम्प्यूटर ऑनलाईन सर्विस, आटा चक्की, तेल मिल, टेन्ट हाउस, फर्नीचर निर्माण एवं रिपेरिंग, निर्माण कार्य से सर्बधित आदि ट्रेडों में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर स्वयं का व्यवसाय किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक, खादी ग्रामोद्योग जिला पंचायत मण्डला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला चिकित्सालय को मिली एक और डायलेसिस मशीन

मंडला यशोः- जिला चिकित्सालय मण्डला में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में आज एक अतिरिक्त डायलेसिस मशीन प्राप्त हुई है। इस मशीन के आने के बाद जिला चिकित्सालय मण्डला में डायलिसेस मशीनों की संख्या 6 हो जायेगी। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि जिला चिकित्सालय मण्डला को एक अतिरिक्त डायलेसिस मशीन (एस.डब्लू.एस क्रमांक 4220802423) प्राप्त हुई है। इस मशीन के आने के बाद जिला चिकित्सालय मण्डला में डायलेसिस मशीनों की संख्या 6 हो जायेगी। जिससे किडनी रोग से संबंधित मरीज जिन्हें डायलेसिस के लिये लम्बा इंतजार करना पड़ता था, अब आसानी से डायलेसिस सेवाएं जिला चिकित्सालय मण्डला में प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मशीन के इंस्टालेशन की कार्यवाही जल्द पूर्ण कर ली जाएगी

कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

मंडला यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, निर्वाचन अधीक्षक अरूण, सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी तक

सिवनी यशोः- राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग व्दारा माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एक महा-अभियान का आयोजन 15 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। महा-अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों (ऋष्टरू) में लवित प्रकरणी (नामांतरण बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती इत्यादि) का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को क्षष्टरू पर दर्ज कराना नल्यों पर तरमीम, रूद्धह्र का सेचुरेशन एवं समन का आधार से और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। इस महा- अभियान में संर्बधित गतिविधियां एवं विस्तृत दिशानिर्देश सदर्भित पत्र में दिये गये हैं जो अवलोकनार्थ संलग्न है। अत-राजस्व महा-अभियान के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे। संदर्भित पत्र में दिये गये निर्देशानुसार राजस्व महा-अभियान के अंतर्गत उल्लेखित समरत कार्यो का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें।

शासन की योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जुड़ें- डॉ. सिडाना

पीएम जनमन अभियान के तहत आयोजित शिविर में कलेक्टर ने की सहभागिता

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत बैगा समुदाय के लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जंतीपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शिविर में सहभागिता करते हुए उपस्थित बैगाओं से शासन की योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया तथा हितग्राहियों से चर्चा की। शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं से संबंधित 215 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जानकारी दी कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अद्योसंरचना विकास एवं सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना 3 वर्ष तक चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित की जावेगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत 9 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली 11 गतिविधियों सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज के गावों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि योजनाओं से वंचित बैगा परिवारों को लाभांवित किया जाना है उनमें प्रमुख रूप से आधारकार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम सुरक्षित मातृ अभियान, सिकलसेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन प्रोग्राम सम्मिलित है, से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। शिविर में कलेक्टर ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

259 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

पीएम जनमन अभियान के तहत ग्राम जंतीपुर में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 215 आवेदनों का निराकरण किया गया। जानकारी के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के 86, उज्वला पंजीयन के 8, पात्रता पर्ची के 4, बैंक खाता के 23, किसान क्रेडिट कार्ड के 11, आधार कार्ड के 27, आयुष्मान पंजीयन के 26 तथा ईकेवाईसी से संबंधित 30 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 259 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास से संबंधित 116 लोगों की सूची का वाचन किया गया।

सोमती बाई को मिला अनेक योजनाओं का लाभ

जंतीपुर शिविर में पहुंची सोमती बाई भारतीया को केन्द्र सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ मिला है। उसने बताया कि उसे आहार अनुदान योजना के तहत हर माह एक हजार रूपए प्राप्त होते हैं। उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ है। साथ ही पात्रता पर्ची, नलजल योजना, जनधन खाता आदि योजनाओं का भी लाभ मिला है। आज शिविर में उसने केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओं से लाभ लेने के लिए भी अपना आवेदन प्रस्तुत किया है।

खेती को बेहतर बनाएगा सुकल सिंह भारतीया

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में पहुंचे सुकलसिंह बैगा को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने से संबंधित कार्यवाही की। सुकल सिंह ने बताया कि उसके परिवार में 5 एकड़ खेती है। साथ ही वह पशुपालन भी करता है। केसीसी के माध्यम से खेती को बेहतर बनाने का प्रयास करेगा। साथ ही पशु विभाग की योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को अच्छा बनाएगा। ग्राम में शिविर के आयोजन को सुकल सिंह ने जिला प्रशासन की सराहनीय पहल बताया।

युवा दिवस पर योग अनुसंधान परिषद में सूर्य नमस्कार

भोपाल। आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर योग क्षेत्र में कार्य कर रही अग्रणी संस्था योग अनुसंधान परिषद में भी विशाल सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सामूहिक कार्यक्रम में योग साधक एवं साधिकाओं ने एकसाथ परिषद के प्रांगण में सूर्य नमस्कार की क्रियाएं कीं। योग अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष सिकंदर अहमद ने इस अवसर पर कहा कि सूर्य नमस्कार मन व शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखने वाला आसन है। यदि आपके पास समय की कमी है और आप चुस्त दुरुस्त रहना चाहते हैं तो प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्य नमस्कार के आसन कम से कम 3 से पांच बार लगा लें। आप दिनभर स्वस्थ महसूस करेंगे। इस अवसर पर योगाचार्य के एम त्रिपाठी, योगाचार्य मनोज छाबड़ा और योगाचार्य सीमा धीमान व जानकी भदौरिया उपस्थित थीं।

श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

vivo X80 Pro · ZEISS
Jan 12, 2024 16:01

वृंदावन से आए कलाकारों ने मंत्र मुग्ध करने वाला किया प्रदर्शन

छपारा यशोः- बैनगंगा नदी तट पर जारी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर बरसाने से पधारे कथावाचक कन्हैया महाराज ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया और श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होता है, अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है, इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की,जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है,राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। इस तरह भगवान श्री कृष्ण की अनेक बाल लीलाओं का वर्णन कन्हैया महाराज द्वारा किया गया।

ज्ञात हो कि आठ जनवरी से बैनगंगा नदी तट पर जारी उक्त सार्वजनिक भागवत कथा में दिन प्रति दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती ही जा रही है वही बरसाने से पधारे कन्हैया महाराज की कथा सुनाने की आकर्षक शैली के चलते दर्शक लगातार तीन घंटे मंत्र मुग्ध हो कर कथा सुनते हैं, वही वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर दर्शक भी अपनी जगह से उठकर नृत्य करने को मजबूर हो गए।मौके पर मुख्य यजमान सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमानक उर्वरक पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

मंडला यशोः- उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मधु अली ने बताया कि उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरक Wheat GW-451, बीज वितरण संस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खलौड़ी तथा उर्वरक Wheat Hv-8759, बीज वितरण संस्था सिल्वर एग्रो एजेंसी सब्जी मंडी मंडला, उर्वरक Wheat XERT-3988, बीज वितरण संस्था श्री राम इंटरप्रासेस निवास के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर के उर्वरकों का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 18 को

मंडला यशोः- जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 18 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कृषि, मत्स्य विभाग की योजना, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकलसेल एनीमिया, महिला बाल विकास, स्थायी समितियों की बैठक कार्यवाही वृत आदि योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें- डॉ. सिडाना

कलेक्टर ने किया वन औषधीय प्रसंस्करण एवं विक्रय केन्द्र का निरीक्षण

मंडला यशोः- जिला मुख्यालय के वन औषधीय प्रसंस्करण एवं विक्रय केन्द्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिले के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए विस्तृत योजना तैयार करें। संग्रहण तथा प्रसंस्करण से संबंधित गतिविधियों में स्व सहायता समूहों के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता का प्रयास करें।

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने कहा कि मधुमक्खी पालन, शहद संग्रहण, प्रसंस्करण आदि गतिविधियों में समिति सदस्यों की संख्या बढ़ाएं तथा आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करें। इसी प्रकार कोदो कुटकी सहित अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने उत्पादों की पैकिंग, ब्रांडिंग तथा मार्केटिंग के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान वन मंडलाधिकारी पश्चिम नित्यानंदम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा: हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव

दिलाई गई भारत को विकसित राष्ट बनाने के संकल्प की शपथ

मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा 11 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के मांद एवं अंजनिया, घुघरी में पाटन एवं ढेकों, मवई में अमवार एवं धनगांव माल, नैनपुर में भैंसवाही एवं तूमेगांव, नारायणगंज में मानेगांव एवं देवहारी तथा निवास में हाथीतारा माल एवं भलवारा पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संर्बधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही

मंडला यशोः- परिवहन आयुक्त म.प्र. ग्वालियर के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे द्वारा ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों की चैकिंग की कार्यवाही की गई। मण्डला-नैनपुर मार्ग पर 31 यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की जांच में बसों एवं अन्य वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस, मोटरयान कर ओव्हर लोडिंग, फर्स्टएड बॉक्स अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन खिड़की आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान 8 वाहनों में 43500 रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक आरजे 17686826 एवं एमपी 19 एचए 3719 हाईवा ओव्हरलोड करते पाये गये, जिसमें चालानी कार्यवाही की गई। वाहनों की जांच निरंतर ग्रामीण एवं दूरस्थ स्थानों में भी जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत मिलेगा एक लाख रूपए तक का ऋण

मंडला यशोः- जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि देश भर के शिल्पकार बढाई, सुनार, लोहार, राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, अस्त्राकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची, जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाडू बनाने वाला गुड़िया और खिलौन निर्माता, हथौडा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, आदि कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना में आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जिसके के लिए ब्याज दर 5 प्रतिशत तय की गई है। प्रथम चरण में 1 लाख रूपए का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। उसके बाद योजना के द्वितीय चरण में 2 लाख तक का लोन लिया जा सकता है। सभी पात्र शिल्पी अपना पंजीयन नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) में जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड का मोबाईल नम्बर से लिंक होना आवश्यक है। योजना में पंजीयन के पश्चात प्रशिक्षण, टूलकिट तथा ऋण आदि का प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

पीएम जनमन अभियान के तहत 7 स्थानों पर लगे शिविर

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज घुघरी के किसली, मवई के लालपुर एवं पिपरी रैयत, मोहगांव के निधानी एवं मोहगांव माल तथा निवास के गडरा एवं पिपरिया ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविर में बैगाओं के आधार कार्ड, आयुष्मान पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र तथा बैगा को पात्रता पर्ची प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। बैगाओं के आधार कार्ड बनाने के लिए 12 जनवरी को जिले के 5 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार आज घुघरी के इमलीटोला, मवई के मनोरी एवं बीजा तथा मोहगांव के बिलगांव एवं टेभा ग्राम में शिविर लगाए जाएंगे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297